सत्यमेव जयते

# सप्तदश

# बिहार विधान सभा

## पंचदश सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-3

बुधवार, तिथि $\frac{\text{01 श्रावण, 1947 ( श० )}}{\text{23 जुलाई, 2025 ( ई० )}}$

**प्रश्नों की कुल संख्या 165**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ( 1 ) | ग्रामीण कार्य विभाग | .. | .. | 75 |
| ( 2 ) | पथ निर्माण विभाग | .. | .. | 24 |
| ( 3 ) | ग्रामीण विकास विभाग | .. | .. | 09 |
| ( 4 ) | जल संसाधन विभाग | .. | .. | 33 |
| ( 5 ) | लघु जल संसाधन विभाग | .. | .. | 09 |
| ( 6 ) | पंचायती राज विभाग | .. | .. | 11 |
| ( 7 ) | श्रम संसाधन विभाग | .. | .. | 02 |
| ( 8 ) | भवन निर्माण विभाग | .. | .. | 02 |
| | | | कुल योग -- | 165 |

सड़क का पक्कीकरण

*134. श्री अरूण सिंह (क्षेत्र संख्या-213 काराकाट)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत बिक्रमगंज-सासाराम मुख्य पथ से कंझाई सड़क में उदय डीहरी ग्राम से उत्तर उत्क्रमित उच्च विद्यालय तक कच्ची सड़क होने से छात्र-छात्राओं को बरसात के दिनों में विद्यालय आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उदय डीहरी ग्राम से उत्तर उत्क्रमित उच्च विद्यालय तक की कच्ची सड़क को कबतक पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नाला का निर्माण

*135. श्री ललित कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-82 दरभंगा ग्रामीण)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत मनीगाछी प्रखंड के सकरी से धरौड़ा पथ एवं राजवाड़ा पथ का चौड़ीकरण एक वर्ष पूर्व ही हो गया है, लेकिन दोनों पथों में नाला का निर्माण होने के कारण बरसात का पानी सड़क पर ही जमा हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथों में नाला का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

क्षतिग्रस्त तटबंध की मरम्मती

*136. श्री अजय कुमार (क्षेत्र संख्या-138 विभुतिपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिले के विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत चोरा टभका पंचायत के बन्हैती देवीलाल पुल के नजदीक पश्चिम तरफ बलुआही नदी का बायाँ तटबंध क्षतिग्रस्त है, जिसके कारण बरसात के समय पानी का रिसाव होने से लगभग 06 एकड़ में लगे धान की फसल बर्बाद हो जाती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त क्षतिग्रस्त तटबंध की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण कार्य की जाँच

*137. श्री राकेश कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-174 इस्लामपुर, नालन्दा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के एकंगरसराय प्रखंड अन्तर्गत बदराबाद पंचायत में रसलपुर से भानु विगहा तक तथा इस्लामपुर प्रखंड के कोचरा पंचायत अंतर्गत कोचरा से जेठौना, खुदागंज मीणा बाजार से बौरी सराय भाया मैदी कला, मैदी खुर्द निर्माणाधीन सड़क में कंस्ट्रक्शन कम्पनी द्वारा मानक के अनुरूप इमलशन का प्रयोग नहीं किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि निर्माण कार्य में प्रयोग किए जा रहे सामग्री की गुणवत्ता की जाँच एवं कार्रवाई के लिए प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा विगत 06 महीना पूर्व मुख्य अभियंता को भी शिकायत किया गया है जिसपर कार्रवाई नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क के निर्माण कार्य की जाँच कर कार्रवाई करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*138. <u>श्री विद्या सागर केशरी (क्षेत्र संख्या-48 फारबिसगंज)</u>--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत फारबिसगंज प्रखण्ड के अड़राहा पंचायत के सिमरबनी से हरिजन टोला पथ में राजदेव टोला के पास गरैया नदी में उच्चस्तरीय पुल का निर्माण नहीं होने के कारण ग्रामीण किसानों, छात्र-छात्रा एवं आमजन को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित स्थान पर उच्चस्तरीय पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*139. <u>श्री मुहम्मद इजहार असफी (क्षेत्र संख्या-55 कोचाधामन)</u>--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत प्रखंड-कोचाधामन में पी0एम0जी0एस0वाई0 सड़क से सरपंच टोला जाने वाली पथ में अंगढ़ हाट के समीप पुल का निर्माण नहीं होने से कोचाधामन-प्रखंड के आमजनों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*140. <u>श्री शम्भू नाथ यादव (क्षेत्र संख्या-199 ब्रहमपुर)</u>--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के ब्रहमपुर प्रखण्ड में भागड़ नदी के बलुआ घाट पर पुल का निर्माण हेतु डी0पी0आर0 बन जाने के बाद भी आज तक कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है, जिसके कारण ग्रामीण का आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

दोषी पर कार्रवाई

*141. <u>श्री जितेंद्र कुमार (क्षेत्र संख्या-171 अस्थावां)</u>--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित में टाल विकास योजना चलाया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि टाल विकास योजना अंतर्गत नालंदा जिला के अस्थावां विधान सभा के प्रखण्ड अस्थावां एवं बिन्द के रजॉवा वियर, मशाढ़ा सनधा वियर, 56 खन्धा वियर सहित अन्य के विकास हेतु दो वर्ष पूर्व ही स्वीकृति प्रदान करते हुए राशि का आवंटन किया जा चुका है परन्तु विभागीय अभियंताओं एवं संवेदकों के उदासीनता के कारण उपर्युक्त कार्य लम्बी अवधि बीत जाने के बावजूद पूर्ण नहीं हुआ है जिससे सभी किसान लाभान्वित नहीं हो पा रहे हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोषी विभागीय अभियंताओं एवं संवेदकों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करते हुए कार्य पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का चौड़ीकरण

*142. श्री युसूफ सलाहउद्दीन (क्षेत्र संख्या-76 सिमरी बख्तियारपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अंतर्गत सिमरी बख्तियारपुर से हुसैनचक होते हुए सहरसा जाने वाली सड़क के काफी संकीर्ण होने के कारण सड़क से होकर आने-जाने वाले आमजनता सहित दो पहिया एवं तीन पहिया वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने की संभावना बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का चौड़ीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथों का चौड़ीकरण

*143. श्री कुंदन कुमार (क्षेत्र संख्या-146 बेगूसराय)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बेगूसराय मंझौली सागी एस0एच0-55 पथ जिसकी दूरी 42.500 कि0मी0 है एवं बेगूसराय वीरपुर संजात पथ जिसकी दूरी 27.19 कि0मी0 है जिसका चौड़ीकरण नहीं होने के कारण आये दिन भीषण जाम एवं दुर्घटना घटित होती है जिससे राहगीरों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथों का चौड़ीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*144. श्री विजय कुमार (क्षेत्र संख्या-169 शेखपुरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिलान्तर्गत घाटकुसुम्भा प्रखंड के डीहकुसुम्भा पंचायत के टोला वृन्दावन जानेवाली रास्ता में टाटी नदी पर लगभग 40-50 वर्ष पूर्व में लोहे का पुल पुराना होने के चलते जर्जर हो चुका है जिससे किसी समय भी ध्वस्त होने की संभावना बनी हुई है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नदी पर जर्जर हो चुके लाहे के पुल के स्थन पर नया पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई कराना

*145. श्री विनय कुमार (क्षेत्र संख्या-225 गुरूआ)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के गुरूआ प्रखंड में ग्राम-विशुन विगहा, परसावाँ तथा सेसारी में जल-जीवन हरियाली योजना के तहत आहर का जीर्णोद्धार कार्य करवाया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विशुनविगहा के आहर जीर्णोद्धार के उपरांत प्राक्कलन में सम्मिलित कलभर्ट का निर्माण संयोजक द्वारा नहीं किया गया है, जिससे जल संचय नहीं हो पा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जाँच उपरांत दोषी पाये जाने पर संवेदक तथा विभागीय पदाधिकारी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*146. श्री पवन कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-155 कहलगांव)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला अंतर्गत कहलगांव में गंगा नदी पुल नहीं रहने के कारण लोगों को काफी घूमकर लम्बी दूरी तय कर सीमांचल एवं कोशी के विभिन्न क्षेत्रों सहित गंगा पार के इलाकों में जाना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कहलगांव में गंगा नदी पर पुल निर्माण की मांग दशकों से हो रही है एवं कहलगांव में गंगा नदी पर सड़क पुल का निर्माण हो जाने से कहलगांव एवं नवगछिया अनुमंडल सहित कटिहार एवं पूर्णियाँ, मधेपुरा आदि जिले वासियों को भी आवागमन में सुविधा एवं दूरी कम होगी ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कहलगांव में गंगा नदी पर चार लेन सड़क पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*147. श्रीमती मनोरमा देवी (क्षेत्र संख्या-232 बेलागंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी जिलान्तर्गत मोहनपुर प्रखंड के मटियानी पंचायत में गणेश चक मोड़ से गणेश चक गांव में बुदुल यादव के घर तक एक कि0मी0 सड़क जर्जर रहने के कारण गणेश चक गांव सहित आस-पास के हजारों की आबादी को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार मोहनपुर प्रखंड के गणेश चक मोड़ से गणेश चक गांव में बुदुल यादव के घर तक नाला सहित पी0सी0सी0 सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जीविका कर्मियों को पुनः बहाली

*148. श्री संदीप सौरभ (क्षेत्र संख्या-190 पालीगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला अंतर्गत दुल्हिनबाजार प्रखंड में बिना कोई स्पष्टीकरण माँगे जीविका कैडर, बैंक मित्र, बुक कीपर समेत कुल 11 जीविका कर्मियों को 6 माह पूर्व निलंबित कर दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जीविका कार्यक्रम का मूल उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाना और उन्हें रोजगार प्रदान करना है, लेकिन उक्त निलंबन से कार्यरत महिलाओं के समक्ष जीवनयापन का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पटना जिला अंतर्गत दुल्हिनबाजार प्रखंड के सभी निष्कासित जीविका कर्मियों को कार्य पर पुनः बहाल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

शवदाह गृह का निर्माण

*149. डॉ0 संजीव कुमार (क्षेत्र संख्या-151 परबत्ता)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला के परबत्ता प्रखंड के अगुवानी गंगा घाट और गोगरी प्रखंड के गोगरी घाट के पास शवदाह गृह निर्माण नहीं होने से आने वाले लोगों को बरसात के समय काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि माननीय मुख्यमंत्री जी ने समाधान यात्रा के दौरान बैठक में विभाग को निर्देशित किया था परन्तु दो साल बीत जाने पर भी कोई कारवाई नहीं हुई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर शवदाह गृह और विद्युत् शवदाह गृह का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*150. श्री जनक सिंह (क्षेत्र संख्या-116 तरैया)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के तरैया विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत ईसुआपुर प्रखण्ड के ग्राम पंचायत छपिया, केरवां, चकहन, नेपनिया, डटरापुरसौली में बड़े पैमाने पर मनरेगा द्वारा वृक्षारोपण एवं अन्य योजनाओं में काफी अनियमितता बरती गयी है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त योजनाओं में बड़े पैमाने पर की गयी अनियमितता की जाँच कराकर दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का पुनर्निर्माण

*151. श्री आनन्द शंकर सिंह (क्षेत्र संख्या-223 औरंगाबाद)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के देव प्रखंड में औरंगाबाद-बालूगंज पथ कटैया के समीप केश्वर बिगहा के पास स्थित पुल काफी जर्जर एवं पुराना हो चुका है, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है एवं इस पुल से लोगों को चार पहिया वाहन से गुजरने में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल का पुनर्निर्माण अथवा जीर्णोद्धार कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*152. श्री वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-09 सिकटा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चंपारण जिलान्तर्गत पिड़ारी सहनौला मार्ग से पचरूखी पीपरा जाने वाली सड़क में विरहा नदी पर पुल नहीं होने के चलते आमजनता को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क में विरहा नदी पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती हैं, नहीं, तो क्यों ?

--------

ट्यूबवेल चालू कराना

*153. श्री श्रीकान्त यादव (क्षेत्र संख्या-113 एकमा)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत प्रखंड एकमा के पंचायत बलिया में लगे स्टेट ट्यूबवेल के खराब हो जाने से इस इलाके में सिंचाई नहीं हो पा रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्टेट ट्यूबवेल को कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*154. श्री शमीम अहमद (क्षेत्र संख्या-12 नरकटिया)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के पथ प्रमण्डल ढाका अधीन मोतिहारी-छौड़ादानों पी0डब्लू0डी0 सड़क में कस्टम से छौड़ादानों जनता चौक तक सड़क के दोनों तरफ नाला निर्माण, सड़क उच्चीकरण एवं चौड़ीकरण नहीं रहने के कारण जल-जमाव की समस्या एवं आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मुख्य अभियंता (उत्तर) के पत्रांक प्र0-23/उ0बि0(या0) प्राक्कलन-09/2020-997, दिनांक 25 मार्च, 2025 द्वारा अभियंता प्रमुख (मुख्यालय) को प्रशासनिक अनुमोदन हेतु समर्पित किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

बोरिंग चैनल का निर्माण

*155. श्री राणा रणधीर (क्षेत्र संख्या-18 मधुबन)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत पकड़ीदयाल प्रखंड के सिसहनी पंचायत के अजगरी ग्राम में स्टेट बोरिंग के चैनल का कार्य नहीं होने से किसानों को सिंचाई कार्य में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्टेट बोरिंग के चैनल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

ओवर ब्रिज का निर्माण

*156. श्री तारकिशोर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-63 कटिहार)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, पूर्णियाँ अंतर्गत कटिहार नगर में अवस्थित उच्च पथ संख्या-131ए में अवस्थित गौशाला के पास समपार (रेलवे गुमटी) पर निर्माणाधीन रेल ओवर ब्रिज का कार्य ठप है, जिससे वाहनों एवं नागरिकों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त रोड ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*157. श्री राजेश कुमार (क्षेत्र संख्या-222 कुटुम्बा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत प्रखंड कुटुम्बा के दो मुहान एवं मुंशी बिगहा के बीच बटाने नदी पर पुल नहीं होने के कारण वहाँ के निवासियों को खासकर बरसात के दिनों में आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

राशि का भुगतान

*158. श्री संजय कुमार गुप्ता (क्षेत्र संख्या-30 बेलसंड)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत बेलसंड प्रखंड में मनुसमारा स्पिल चैनल परियोजना हेतु भू-अर्जन के द्वारा जमीन अधिगृहित किया गया था, परन्तु भू-स्वामियों को अभीतक पैसा भुगतान नहीं किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि भू-अर्जन पदाधिकारी, सीतामढ़ी द्वारा भू-अर्जन की राशि लगभग तेरासी करोड़ तीन लाख रुपये की मांग पत्रांक 1044, दिनांक 03 दिसम्बर, 2024 के द्वारा किया गया था ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भूमि मालिकों को भू-अर्जन की राशि भुगतान कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बांध का निर्माण

*159. श्री अनिल कुमार (क्षेत्र संख्या-24 बथनाहा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत मेजरगंज प्रखंड के बसबिट्टा पंचायत में बागमती नदी से अत्यधिक कटाव होने से किसानों की फसल के नुकसान के साथ-साथ ग्रामीणों का घर भी नदी में समा जाता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पंचायत में कबतक कटाव से बचने हेतु बागमती नदी पर बांध बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

बांध की सड़क का निर्माण

*160. श्री अमर कुमार पासवान (क्षेत्र संख्या-91 बोचहां)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला जिलान्तर्गत प्रखंड मुशहरी में बुधनगरा से बैकंठपुर तक जाने वाली बूढ़ी गंडक बांध की सड़क जर्जर स्थिति में है, जिससे आवागमन में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त बांध की सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

स्लूईस गेट का निर्माण

*161. श्री रामबली सिंह यादव (क्षेत्र संख्या-217 घोसी)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला के मोदनगंज प्रखंड अन्तर्गत देवरा पंचायत में देवरा मठ गांव के पूरब रूपना खाड़ पईन में दर्जनों गाँव के किसानों द्वारा कच्चा बनाकर पटवन का कार्य होता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि रूपना खाड़ में स्लूईस गेट निर्माण नहीं होने से पटवन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर स्लूईस गेट बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

राजवाहों की सफाई

*162. श्री राम विशुन सिंह (क्षेत्र संख्या-197 जगदीशपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है भोजपुर जिला अन्तर्गत ज्ञानपुर उप-राजवाहा, नारायणपुर राजवाहा, तार राजवाहा एवं बरौली राजवाहा नहर की सफाई नहीं होने के कारण किसानों को खरीफ फसल के समय सिंचाई हेतु पानी नहीं मिल पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उपर्युक्त राजवाहों की कबतक सफाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का चौड़ीकरण एवं नाला का निर्माण

*163. श्रीमती मीना कुमारी (क्षेत्र संख्या-34 बाबुबरही)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत खजौली प्रखंड के मुख्य सड़क खजौली सेतु चौक से मैना पट्टी तक जाने वाली 07 किलो मीटर सड़क की चौड़ाई कम होने तथा एक तरफ नाला का निर्माण नहीं किये जाने से राहगीरों को आवागमन में परेशानी एवं हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का चौड़ीकरण तथा नाला निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*164. श्री अचमित ऋषिदेव (क्षेत्र संख्या-47 रानीगंज, अररिया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत भरगामा प्रखंड के हरिपुरकला पंचायत के ग्राम-लक्ष्मीपुर वार्ड नं०-6 में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क से सुरेश यादव कमल के घर के पास होकर बरमोत्तरा जानेवाली सड़क मानिक चंद साह के घर होते हुये मध्य विद्यालय, बरमोत्तरा के आगे निरंजन मंडल के घर तक के लोगों को आने-जाने के लिये अबतक पक्की सड़क का निर्माण नहीं किया गया है और इस सड़क के नहीं बनने से भरगामा प्रखंड मुख्यालय जाने में वहां के लोगों को 12 किलो मीटर दूरी अधिक तय करनी पड़ती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का विस्तार

*165. श्री महबूब आलम (क्षेत्र संख्या-65 बलरामपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के फुलवारी प्रखंडान्तर्गत राधेकृष्ण मन्दिर (70 फीट रोड़) से ग्राम-हुल्लुकपुर तक ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा निर्मित पथ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ग्राम-हुल्लुकपुर के नजदीक स्थित एनी बिसेन्ट इन्टरनेशनल स्कूल के पास से नवनिर्मित एन०एच० 22 तक (मात्र 200 फीट) विस्तार नहीं होने के कारण उक्त ग्रामीण जनता का एन०एच० 22 से सीधा सम्पर्क नहीं हो पाता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का विस्तार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सामुदायिक भवन का निर्माण

*166. श्री समीर कुमार महासेठ (क्षेत्र संख्या-36 मधुबनी)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैश्य समाज की सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सार्वजनिक गतिविधियों के लिये प्रश्नकर्ता द्वारा पिछले दस वर्षों से सरकार से सभी जिलों में एक-एक वैश्य सामुदायिक भवन निर्माण कराने की मांग की जा रही है परंतु अभीतक कहीं भी वैश्य सामुदायिक भवन का निर्माण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में वैश्य सामुदायिक भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

ट्यूबवेल को चालू

*167. श्री देवेश कान्त सिंह (क्षेत्र संख्या-111 गोरियाकोठी)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिले के गोरेयाकोठी प्रखंड के पंचायत गोरियाकोठी के ग्राम-गोरेयाकोठी, हेतिमपुर पंचायत के ग्राम-नवतन एवं बरहोगा प्रेषोतिम पंचायत के बरहोगा पंचपटिया एवं अन्य स्थानों पर स्थापित ट्यूबवेल लगभग चार वर्षों से अधिक समय से बंद पड़े हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखंडों के बंद पड़े सभी ट्यूबवेल को कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*168. श्री राम सिंह (क्षेत्र संख्या-4 बगहा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चंपारण जिलान्तर्गत बगहा-1 प्रखंड के ग्राम पंचायत राज बीबी बनकटवा के धर्मकता से NH-727 से हरहा नदी होते हुये ग्राम पंचायत राज मझौआ के सर्किल मझौआ तक कच्ची सड़क है जिसकी लंबाई लगभग 9 कि०मी० है इस सड़क का पक्कीकरण नहीं होने से आस-पास के लगभग सात-आठ पंचायतों का NH-727 पर पहुँचने में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

यातायात का शुभारंभ कराना

*169. श्री अशोक कुमार (क्षेत्र संख्या-132 वारिसनगर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के खानपुर प्रखंड में डगरूआ बलहा घाट पर वर्ष 2019 में आर०सी०सी० पुल का निर्माण कराया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि पुल तथा इसके अप्रोच के निर्माण हेतु बारह कट्ठा जमीन सरकार द्वारा अधिग्रहण के उपरान्त पुल को अबतक यातायात लायक नहीं बनाया जा सका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस पुल से यातायात का शुभारंभ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

मुआवजा देना

*170. श्री राम सुरत कुमार (क्षेत्र संख्या-89 औराई)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत प्रखंड औराई एवं कटरा में बागमती परियोजना के द्वारा दोनों तटबंध लगभग 12 वर्ष पूर्व से बनकर तैयार है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त तटबंधों के बीच कुछ निजी रैयत को विस्थापित कर मुआवजा भी दिया गया है लेकिन सरकारी भवनों (जैसे विद्यालय इत्यादि) और बचे हुये दर्जनों गाँव के विस्थापित हुये परिवारों को आजतक न तो पुनर्वासित किया गया और न ही मुआवजा दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सरकारी भवनों को पुनर्वासित कराने एवं परिवारों को मुआवजा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*171. श्रीमती प्रतिमा कुमारी (क्षेत्र संख्या-127 राजा पाकर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिले के अररिया प्रखंड के हड़िया पंचायत अंतर्गत बारा कामत चिश्तीपुर, वार्ड नं०-12, ए०बी०सी० नहर पर पुल नहीं रहने के कारण किसानों को 02 किमी दूरी तय करके नहर के उस पार खेती करने के लिये जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित स्थान पर कबतक पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

NPA का कर्ज माफ करना

*172. श्री अजीत कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-201 डुमरांव)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के जीविका के हरियाली CLF के तहत अटांव पंचायत के त्रीस से अधिक SHG से सामुदायिक समन्वयक व अन्य अधिकारियों द्वारा कोरोना के दौरान 25 लाख रुपये की अवैध निकासी कर गबन कर लिया गया है जिससे गरीब जीविका दीदियों दो दर्जन SHG का कर्ज NPA हो गए है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गबन को प्रखण्ड परियोजना प्रबंधक डुमराँव एवं जिला परियोजना प्रबंधक बक्सर द्वारा अनियमितता की गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जाँच करा कर उक्त अधिकारियों पर कार्रवाई करते हुए गरीब जीविका दीदियों का पैसा वापस करने तथा NPA का कर्ज माफ करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*173. श्री मनोज कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-16 कल्याणपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के कल्याणपुर प्रखंड अन्तर्गत शीतलपुर पंचायत में शीतलपुर बाजार केसरिया पथ से शीतलपुर सिरसापट्टी डोम टोली महादलित बस्ती में जाने वाले सड़क की स्थिति अत्यन्त खराब होने के कारण आवासीत महादलित आबादी को आवागमन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

स्थायीकरण कराना

*174. श्री मुरारी मोहन झा (क्षेत्र संख्या-86 केवटी)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पंचायत सशक्तिकरण योजना के साथ-साथ विभिन्न विभागीय आदेश के अलोक में ग्राम पंचायत /प्रखंड स्तरीय कार्यालय/जिला/मुख्यलाय प्रमंडलीय कार्यालय में कार्यपालक सहायक का नियोजन में किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कार्यपालक सहायक द्वारा कम्प्यूटर एवं आई०टी संबंधी कार्यों से लेकर कार्यालय स्तर तक के सभी कार्यों का वर्ष 2010-11 से ही सफलतापूर्वक किया जा रहा है परन्तु लगातार 15 वर्षों से कार्य करने के बावजूद अल्प मानदेय पर ही कार्य करना पड़ रहा है जिस कारण पारिवारिक दायित्व का निर्वहन करने में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कार्यपालक सहायक को स्थायी कर वेतनमान देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

जलाशय का निर्माण

*175. श्री महा नंद सिंह (क्षेत्र संख्या-214 अरवल)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत इंद्रपुरी बराज में सिल्ट जमा होने के कारण सोन नहर के अंतिम छोर तक पानी नहीं पहुँचता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इंद्रपुरी (कदवन) जलाशय का निर्माण नहीं होने से सोन नहर में सालों भर पानी की कमी रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इंद्रपुरी बराज में जमा सिल्ट हटवाने एवं नहर में पर्याप्त मात्रा में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु इंद्रपुरी जलाशय का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*176. श्री शिव प्रकाश रंजन (क्षेत्र संख्या-195 अगिआंव )--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत प्रखंड अगिआंव के बरूणा ननउर सड़क एवं प्रखंड गड़हनी के गड़हनी अगिआंव रोड में शिवपुर मिल से सूर्य मंदिर होते हुये गौरा रोड तक सड़क जर्जर हो चुकी है, जिससे आवागमन मे काफी समस्या होती है, आये दिन लोग दुर्घटना का शिकार होते है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़कों के निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

नदी को पुनर्जीवित करना

*177. श्री विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह (क्षेत्र संख्या-221 नबीनगर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पुनपुन नदी झारखंड से निकलकर बिहार के औरंगाबाद, गया, जहानाबाद होकर पटना के फतुहा में गंगा नदी में मिलती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य के औरंगाबाद, गया, जहानाबाद और पटना में पुनपुन नदी में गाद जमा होने और उचित देखभाल नहीं होने के कारण नदी विलुप्त होने की स्थिति में है तथा इससे किसानों को सिंचाई सुविधा में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पुनपुन नदी के गाद की सफाई एवं जीर्णोद्धार कराकर पुनपुन नदी को पुनर्जीवित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का पक्कीकरण

*178. श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव (क्षेत्र संख्या-17 पिपरा, पूर्वी चंपारण)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के मेहसी प्रखंड अंतर्गत सरैया ढाला बांध से फुलवरिया ढाला तक 6 किलोमीटर एवं चकनगरी ढाला चंदेश्वर राय के घर से सेमरा शंभू राय के घर तक 3 किलोमीटर कच्ची सड़क है जिससे आमजनों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कच्ची सड़क को पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुल एवं सड़क का निर्माण

*179. श्री आबिदुर रहमान (क्षेत्र संख्या-49 अररिया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत अररिया प्रखंड, के कुसियार गाँव पंचायत अन्तर्गत वार्ड नं० 06 में शमसाद के घर के निकट मरिया धार पर पुल नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता जिला है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अररिया रानीगंज रोड जे०बी०सी० नहर के पश्चिमी छोर से अररिया कोर्ट स्टेशन रोड तक ग्रामीण कार्य विभाग की सड़क वर्ष 2017 में आयी प्रलयंकारी बाढ़ के कारण जर्जर हो चुका है जिसके कारण ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वर्णित पुल एवं सड़क बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

कटाव निरोधात्मक कार्य कराना

*180. श्री गोपाल रविदास (क्षेत्र संख्या-188 फुलवारी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिले के फुलवारीशरीफ प्रखंड अंतर्गत सकरैचा पंचायत के ग्राम-महुआबाग से पश्चिम गाँव का मुख्य पहुँच पथ पुनपुन नदी के तेज बहाव से क्षतिग्रस्त होने के कारण गाँव का आवागमन पूर्णत: अवरूद्ध हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कटाव स्थल पर कबतक कटाव निरोधात्मक कार्य कराने विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

संपर्कता प्रदान करना

*181. श्री रामविलास कामत (क्षेत्र संख्या-42 पिपरा, सुपौल)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत किशनपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत बौराहा के ग्राम बौराहा वार्ड नं 09 तथा वार्ड नं 10 से ग्रामीण संपर्क पथ हांसा तक पक्की सड़क का निर्माण नहीं किया गया है, जिससे ग्राम-बौराहा के निवासियों को एकल संपर्कता भी प्राप्त नहीं हो सका है, यदि हाँ, तो सरकार ग्राम-बौराहा के वार्ड नं० 9 एवं वार्ड नं० 10 के लोगों को कबतक एकल संपर्कता प्रदान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

चहारदीवारी का निर्माण

*182. श्री विनय बिहारी (क्षेत्र संख्या-05 लौरिया)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पं० चम्पारण जिले के दोनों बड़े प्रखण्डों लौरिया तथा योगपट्टी के पर्याप्त भूमि का पैमाईश नहीं कराने से परिसर के जमीन को असामाजिक तत्वों द्वारा अवैध तरीके से अतिक्रमण किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि दोनों ही प्रखण्डों में चहारदीवारी एवं रात्रि प्रहरी की व्यवस्था नहीं होने से बराबर उपस्करों एवं अन्य सामानों की चोरी होती रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रात्रि प्रहरी के व्यवस्था के साथ-साथ प्रखंड परिसर की पैमाईश करवाते हुए चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

मरम्मती कराना

*183. श्री राम नारायण मंडल (क्षेत्र संख्या-161 बाँका)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत बांका प्रखंड के जितारपुर, महेशाडीह, लकड़ीकोला एवं इसके आस-पास के गाँव चाँदन नदी के सुरक्षा तटबंध के किनारे बसे हुए है ;

(2) क्या यह बात सही है कि चाँदन सुरक्षा तटबंध जर्जर स्थिति में है, जिस कारण इस क्षेत्र के आमजनों को बारिश के मौसम में काफी कठिनाइयों को सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त चाँदन सुरक्षा तटबंध की विशेष मरम्मती कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सिंचाई की व्यवस्था

*184. श्री अजय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-166 जमालपुर, मुंगेर)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला अंतर्गत रतैठा पंचायत में हुलास बांध के टूटने से सैंकड़ों एकड़ में भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है, जिसके किसानों की फसलें बर्बाद हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त बांध की मरम्मती कराकर सिंचाई की व्यवस्था पुनर्बहाल कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*185. श्री मोहम्मद अनजार नईमी (क्षेत्र संख्या-52 बहादुरगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत बहादुरगंज प्रखण्डाधीन देशियाटोली पंचायत अन्तर्गत मेहरगंज हाट प्रधानमंत्री सड़क से घापर बस्ती होते हुए काशीबाड़ी प्रधानमंत्री सड़क को जोड़ने वाली सड़क का निर्माण नहीं होने से जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*186. श्री दामोदर रावत (क्षेत्र संख्या-242 झाझा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत झाझा-जुरपनिया-गोलनीटांड़ पथ का निर्माण वर्ष 2022 में RCPLWEA अन्तर्गत प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत कराया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ के 10वें किलोमीटर पर स्थित ढीवी नदी पर पुल नहीं रहने के कारण आमजनों का आवागमन बाधित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ के 10वें किलोमीटर पर स्थित ढीवी नदी पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सेवा पथ का निर्माण

*187. श्री अवध विहारी चौधरी (क्षेत्र संख्या-105 सिवान)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सिवान जिलान्तर्गत सिवान सदर प्रखंड के गोपालपुर से नवतन एस०एस०बी०सी० नहर के पश्चिमी बाँध पर सेवा पथ (सर्विस रोड) पक्कीकरण हेतु सारी विभागीय प्रक्रिया एवं प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बावजूद कार्य आज भी लंबित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सेवा पथ के निर्माण हेतु निविदा का आदेश देकर सेवा पथ (सर्विस रोड) बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*188. श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-20 चिरैया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी जिला अन्तर्गत चिरैया प्रखंड के सरौगढ़ पंचायत के सरसावा ग्राम में हाहवा नदी पर पुल नहीं होने के कारण सैकड़ों परिवार एवं हजारों लोगों को आवागमन में भारी परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर कबतक पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

बाँध का निर्माण

*189. श्री रणविजय साहू (क्षेत्र संख्या-135 मोरवा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मोरवा प्रखंड अंतर्गत लरूआ और गुनाईबसही पंचायत में लखनिया पुल से वैशाली जिला के जन्दाहा के महिपुर में 13 नम्बर पुल तक दोनों किनारे पर बाँध नहीं रहने से बाढ़ से 3000 घर प्रभावित होते है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नदी के किनारे बाँध का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*190. श्री प्रमोद कुमार (क्षेत्र संख्या-19 मोतिहारी)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मोतिहारी पी०डब्लू०डी० रोड एल०एन०डी० कॉलेज से श्री कृष्ण नगर से पी०डब्लू०डी० रोड होते एन०एच० 918 बरियापुर जोड़ने वाले ओवर फ्लाई पुल का प्राक्कलन वर्ष 2020 में तैयार कर पुल निर्माण निगम में लंबित है जिसके कारण पुल निर्माण नहीं होने

से मोतिहारी शहर में जाम के कारण स्टेशन, अस्पताल, कचहरी, बस स्टैंड स्कूल बस जाने में भारी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार लंबित मोतिझील में पुल निर्माण कबतक, कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*191. श्री प्रफुल्ल कुमार मांझी (क्षेत्र संख्या-240 सिकंदरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत खैरा पंचायत के अरूणमावॉंक के केरबातरी आदिवासी बहुल गाँव है, केरबातरी गाँव के समीप किउल नदी पर पुल का निर्माण नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को शैक्षणिक, सामाजिक और आर्थिक विकास के साथ-साथ गरही, हरखाड़ अरूणमावॉंक, हरणी के लोगों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार किउल नदी पर केरबातरी गाँव के समीप पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

संवेदक पर कार्रवाई

*192. श्री अजय यादव (क्षेत्र संख्या-233 अतरी)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला अन्तर्गत प्रखंड नीमचक बथानी के ग्राम पंचायत तेलारी के ग्राम नीमचक में संवेदक के द्वारा किये जा रहे पईन की सफाई एवं पक्का ढलाई के कार्य में भारी अनियमितता बरती जा रही है एवं प्राक्कलन के अनुरूप कोई सामग्री का प्रयोग नहीं किया जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक, उक्त पईन की उच्चस्तरीय जाँच करवाकर दोषी संवेदक पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

नाला का निर्माण

*193. श्री सिद्धार्थ सौरव (क्षेत्र संख्या-191 बिक्रम)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत बिक्रम प्रखण्ड स्थित पंचायत-नगहर के ग्राम-बाघाकोल में प्राथमिक विद्यालय बाघाकोल स्कूल से सिद्धनाथ चन्द्रवंशी के घर होते हुए महंगू साव के घर होते हुए नदी तक पी०डब्लू०डी० सड़क के किनारे आर०सी०सी० नाला निर्माण कार्य नहीं होने से स्थानीय लोगों के साथ-साथ आमजनता को भी काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित ग्राम में वर्णित स्थान पर आर०सी०सी० नाला का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

नाला का निर्माण

*194. श्रीमती मंजु अग्रवाल (क्षेत्र संख्या-226 शेरघाटी)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी जिलान्तर्गत प्रखण्ड आमस के ग्राम पंचायत अकौना के ग्राम अलहुआचक में गणेश चौधरी के घर से मुख्य नहर तक नाला का निर्माण नहीं रहने तथा प्रखण्ड आमस के ही ग्राम पंचायत महुआवां के जी०टी० रोड कैफुल के दुकान से जेल रोड होते हुए मोरहर नदी तक नाला निर्मित नहीं होने के कारण पूरे गाँव का अपशिष्ट जल सड़क पर ही बहाया जाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थानों पर नाला का निर्माण कराने का विचार करती है, नहीं, तो क्यों ?

राशि का लाभ देना

*195. श्री दिलीप राय (क्षेत्र संख्या-26 सुरसंड)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत सैदपुर प्रखंड के प्रेमनगर वार्ड संख्या 08 में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत विभिन्न परिवारों में शौचालय का निर्माण किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि शौचालय निर्माण के लिए परिवारों को रु० 12,000.00 दिया जाता है;

(3) क्या यह बात सही है कि प्रेमनगर के वार्ड संख्या 08 में विभिन्न परिवारों को रु० 12,000.00 की राशि का भुगतान नहीं किया गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रेमनगर वार्ड संख्या 08 में इस राशि से वंचित लोगों को राशि का लाभ देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

नाला की सफाई

*196. श्री अनिरूद्ध कुमार (क्षेत्र संख्या-180 बख्तियारपुर)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि विभागीय अधिसूचना संख्या 3329, दिनांक 25 मई, 2019 के आलोक में ग्रामीण क्षेत्रों में पाक्षिक तौर पर चक्रीय क्रम में नालियों की सफाई एवं चूना/ब्लीचिंग पाउडर छिड़काव किया जाना है, परन्तु पटना जिले के फुलवारीशरीफ प्रखंड के ढ़ीबरा पंचायत के महादेव चक गाँव में नाला का सफाई नहीं होने के कारण गंदा पानी खेतों में गिरा रहा है, जिस कारण लोग संक्रमित हो रहे है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नाला की सफाई कबतक, कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

जलकुंभी की सफाई

*197. श्री प्रमोद कुमार सिन्हा (क्षेत्र संख्या-10 रक्सौल)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत रक्सौल और आदापुर प्रखंड से गुजरने वाले GBC कैनाल में जलकुंभी भरे-पड़े रहने के कारण कैनाल के अंतिम छोर तक समुचित मात्रा में पानी नहीं पहुँच पा रहा है, जिससे किसानों को सिंचाई में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त कैनाल के जलकुंभी को साफ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पंचायत सरकार भवन का निर्माण

*198. श्री मनोज यादव (क्षेत्र संख्या-163 बेलहर)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत फुल्लीडूमर प्रखंड स्थित फुल्लीडूमर पंचायत में पंचायत सरकार भवन के निर्माण हेतु निविदा हो चुका है, परन्तु संवेदक द्वारा उक्त भवन का निर्माण पंचायत मुख्यालय में न कराकर मुख्यालय से 12 कि०मी० दूर ग्राम-धावा में करवाया जा रहा है, जबकि सरकार द्वारा किए गए प्रावधान के अनुसार ग्रामीण को प्रशासनिक कार्यों की सुगम सुविधा हेतु ग्राम पंचायत के मुख्यालय गाँव में ही पंचायत सरकार भवन का निर्माण कराया जाना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि फुल्लीडूमर पंचायत में पंचायत सरकार भवन के निर्माण हेतु पर्याप्त सरकारी जमीन की उपलब्धता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पंचायत सरकार भवन का निर्माण पंचायत मुख्यालय फुल्लीडूमर में कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निविदा आमंत्रित कराना

*199. श्री चन्द्रशेखर (क्षेत्र संख्या 73 मधेपुरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार संपूर्ण बिहार में शुल्क लेकर नये संवेदकों को ग्रेड-1, 2 एवं 3 स्तर का निबंधन करती है;

(2) क्या यह बात सही है कि नये संवेदकों को कार्मीय निष्पादन करने के लिए अनुभव प्रमाण-पत्र की जरुरत पड़ती है, जबकि नए संवेदकों को कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र देने की विभागीय स्तर पर कोई व्यवस्था नहीं हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पूर्व की भाँति (विभागीय पत्रांक 4842, दिनांक 14 नवम्बर, 2014 के आधार पर) निविदा आमंत्रित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

जल-जमाव का निदान करना

*200. श्री रामप्रवेश राय (क्षेत्र संख्या-100 बरौली)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिले के बरौली प्रखंड अंतर्गत महम्मदपुर निलामी, बतरदेह, नवादा, कहला, खजुरिया मड़कुइयाँ, रूपनछाप सहित कई पंचातयों के चंवर में जल-जमाव हो जाने से कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं तथा समुचित जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पंचायतों के कृषि योग्य भूमि से जल-जमाव के निदान हेतु कबतक ठोस कार्रवाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यो?

------------

कटाव से बचाव

*201. श्री सैयद रूकनुद्दीन अहमद (क्षेत्र संख्या-57 बैसी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अन्तर्गत बायसी प्रखंड के श्रीपुर मल्हाटोली पंचायत के चाँदपुर भसियाँ एवं फैजी टोला में, पुरानागंज पंचायत के भिखनपुर मौलवी मुजीब टोला में नदी से भीषण कटाव जारी है, जिसके कारण सैकड़ों एकड़ कृषि भूमि एवं सैकड़ों घर कटकर नदी में विलीन हो गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थल पर अबतक कोई कटावरोधक कार्य नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर कटाव निरोधक कार्य करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

नाला का निर्माण

*202. श्रीमती नीतु कुमारी (क्षेत्र संख्या-236 हिसुआ)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के विश्व शान्ति चौक, हिसुआ से सद्भावना चौक, नवादा तक के सड़क का चौड़ीकरण नहीं होने से यातायात में लोगों को भारी जाम की परेशानियों को सामना करना पड़ता है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क के किनारे नाली नहीं रहने से जल निकासी का कोई रास्ता नहीं है, जिससे नाले का पानी सड़क पर आ जाता है और लोगों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विश्व शन्ति चौक, हिसुआ से सद्भावना चौक, नवादा तक सड़क का चौड़ीकरण एवं नाला का निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*203. श्रीमती रेखा देवी (क्षेत्र संख्या-189 मसौढ़ी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत मोरवा अंचल के अंचलाधिकारी एवं अमीन द्वारा वर्ष 2013 में सड़क निर्माण हेतु ग्राम-सारंगपुर पूर्वी (दलित बस्ती) के वार्ड नं0 4 में सुकुमार राय के घर के सामने से झोरिल पासवान के मकान तक जमीन की नापी की गयी थी, परंतु अभीतक सड़क का निर्माण नहीं किया गया है, जिसके कारण उक्त दलित बस्ती के लोगों को आवागमन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित ग्राम में नापी की गयी जमीन पर सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*204. डॉ० रामानुज प्रसाद (क्षेत्र संख्या-122 सोनपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर प्रखंड के दुधैला पंचायतान्तर्गत ग्राम-फकराबाद दलित बस्ती से मुख्य सड़क एवं हासलिपुर पंचायतान्तर्गत ग्राम-बभनगावा मुख्य सड़क बांध स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय से दलित बस्ती एवं मुस्लिम टोला के आड़े निजी भूमि होने के कारण सड़क का निर्माण नहीं हो पा रहा है, जिससे दलित बस्ती के लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार दलित बस्ती के लोगों को आवगमन की सुविधा हेतु भूमि अधिग्रहण कराकर उक्त वर्णित सड़कों को निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

नियमावली बनाना

*205. श्री अजीत शर्मा (क्षेत्र संख्या-156 भागलपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि ग्रामीण विकास विभाग द्वारा ग्रामीण आवास सहायक, ग्रामीण आवास पर्यवेक्षक, प्रखंड लेखापाल-ग्रामीण आवास की नियुक्ति 15 वर्ष पूर्व की गयी परंतु आज तक इनके स्थायीकरण एवं वेतनमान के संबंध में नियमावली नहीं बनाये जाने के कारण इन सभी की सेवाएं अधर में है, यदि हाँ, तो सरकार ग्रामीण आवास सहायक, ग्रामीण आवास पर्यवेक्षक, प्रखंड लेखापाल-ग्रामीण आवास के लिये नियुक्ति नियमावली बनाते हुए सभी को स्थायी करते हुए कबतक वेतनमान देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

बाँध का निर्माण

*206. श्री बिजय सिंह (क्षेत्र संख्या-68 बरारी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बरारी प्रखंड के बकिया सुखाय पंचायत में गंगा नदी के कटाव से बकिया गाँव कट रहा है एवं आवागमन हेतु बना नया पुल भी कट गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त गाँव के पास रिंग बाँध का निर्माण कर कटाव रोकने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*207. श्री उमाकांत सिंह (क्षेत्र संख्या-07 चनपटिया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चंपारण जिला अंतर्गत चनपटिया प्रखंड के उत्तरी घोघा पंचायत के परसौना दलित बस्ती से सहरसवा गाँव जाने वाली सड़क एवं जैतिया पंचायत के सियारमठिया चौक से तुलाराम घाट गाँव जाने वाली सड़क कच्ची एवं जर्जर है जिससे आमजनता को आवागमन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों सड़कों का निर्माण कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*208. श्रीमती गायत्री देवी (क्षेत्र संख्या-25 परिहार)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला सोनवरसा प्रखंड अन्तर्गत दलकावा से पड़ड़िया सड़क के बीच अधवारा नदी पर पुल नहीं होने से प्रखड मुख्यालय जाने में आमजनों को आवागमन में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नदी पर आर०सी०सी० पुल का निर्माण कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

मरम्मती एवं दोषी पर कार्रवाई

*209. श्री मुकेश कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-126 महुआ)--क्या मंत्री,ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि ग्रामीण कार्य प्रमंडल, जमुई के अंतर्गत सिकंदरा-नवादा पथ में झप्पु मोड़ (परसामा) से छतियेनी होते हुए ग्राम-लुटोटो तक सड़क का निर्माण नहीं होने से जमुई एवं शेखपुरा दो जिलों में आवागमन में कठिनाई हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अलीगढ़ प्रखंड के झप्पु मोड़ (परसामा) से ग्राम-छटियानी तक सड़क की मरम्मती करते हुए छटियानी से लुटोटो तक अभियंताओं की लापरवाही से सड़क की मरम्मती नहीं की गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ग्राम छटियानी से लुटोटो तक सड़क मरम्मती करने का आदेश देते हुए लापरवाही बरतने वाले अभियंता पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

एप्रोच पथ की मरम्मती

*210. श्री सुर्यकान्त पासवान (क्षेत्र संख्या-147 बखरी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला अंतर्गत नावकोठी प्रखंड के छतौना पुल का एप्रोच पथ कई जगहों पर टूट जाने से दुर्घटना की आशंका लगातार बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार टूटे हुए छतौना पुल के एप्रोच पथ की मरम्मती एवं कार्य में अनियमितता बरतने वाले संवेदक पर कार्रवाई कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*211. श्रीमती निशा सिंह (क्षेत्र संख्या-66 प्राणपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अंतर्गत आजमनगर प्रखंड के प्रखंड मुख्यालय से उत्तर टी0 01-आजमनगर सालमारी से कन्हरिया पश्चिम पथ (मुख्यमंत्री ग्राम सड़क) के अन्तर्गत आजमनगर प्रखंड मुख्यालय के समीप रिंग बांध अप्रोच पर अभीतक पुल निर्माण नहीं हो पाया है, इस पुल के निर्माण पूर्ण न होने से स्थानीय लोगों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*212. श्री बीरेन्द्र कुमार (क्षेत्र संख्या-139 रोसड़ा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला अंतर्गत वारिसनगर विधान सभा क्षेत्र के पंचायत रामपुरविशुन के रघुनाथ मोड़ मुसहरी टोला के निकट से मनोज पासवान के खेत के निकट से महेंद्र पासवान् के दरवाजा होते हुए मुक्तापुर-हथौड़ी मार्ग में स्वर्गीय भूषण प्रसाद लाभ के घर के निकट तक सड़क नहीं बना है जिससे उक्त गाँवों के आमलोगों को सड़क नहीं रहने पर आने-जाने में संकट का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क सड़क योजना के तहत सड़क कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कटाव से बचाव

*213. मो0 आफाक आलम (क्षेत्र संख्या-58 कसबा, पूर्णियाँ)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखण्ड के खोरबाड़ी गाँव के पास सौरा नदी का कटाव 10 वर्षों से हो रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2024 में उक्त कटाव स्थल के पास बालू का बोरा, पत्थर आदि रखने के बावजूद कटाव जारी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नदी से हो रहे कटाव को रोकने हेतु कौन-सी कार्रवाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अभियंता का स्थानांतरण

*214. श्री भीम कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-219 गोह)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अंतर्गत टेकारी कैनाल नहर में कार्यपालक अभियंता एवं सहायक अभियंता 5 वर्षों से एक स्थान पर पदस्थापित हैं जबकि सरकार के नियमानुसार कोई भी कर्मचारी 3 वर्षों से अधिक पदस्थापित नहीं रह सकता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रावधान के आलोक में कबतक इन दोनों अभियंता का स्थानांतरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*215. श्री अरूण शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-33 खजौली)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बासोपट्टी प्रखंड के कौआहा गाँव के मुख्य सड़क से श्लहेश गहवर तक की कच्ची सड़क अत्यन्त ही जर्जर अवस्था में है जिस कारण यातायात में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जल-जमाव की निकासी

*216. श्री अशोक कुमार चौधरी (क्षेत्र संख्या-92 सकरा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिले के मुरौला प्रखण्डान्तर्गत द्वारिकापुर ग्राम के लगभग 100 एकड़ भूमि में सालों भर जल-जमाव के कारण कोई फसल का उत्पादन नहीं हो पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त खेतों में होने वाले जल-जमाव की कबतक निकासी कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चहका का जीर्णोद्धार

*217. श्री ऋषि कुमार (क्षेत्र संख्या-220 ओबरा)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत दाउदनगर प्रखंड के पंचायत बेलवा के ग्राम-पत्थरकट्टी गाँव के पश्चिम पिछोटा आरी में स्थित चहका जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, जिससे किसानों को सिंचाई में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित चहका का जीर्णोद्धार कराने के लिए विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पंचायत सरकार भवन का निर्माण

*218. श्री छोटे लाल राय (क्षेत्र संख्या-121 परसा)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला अंतर्गत प्रखंड दरियापुर के पंचायत बजहिया में पंचायत सरकार भवन के निर्माण में निम्न गुणवत्ता की सामग्री का प्रयोग एवं सरकारी मानक के अनुसार कार्य नहीं हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पंचायत में हो रहे पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य में की जा रही अनियमितता की कबतक जांच कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

रोजगार दिलाना

*219. श्री जय प्रकाश यादव (क्षेत्र संख्या-46 नरपतगंज)--स्थानीय दैनिक जागरण समाचार-पत्र में दिनांक 2 जून, 2025 को प्रकाशित शीर्षक ''छह साल में आर0टी0डी0 योजना में मात्र 3286 को ही रोजगार'' के आलोक में क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला सहित राज्य के विभिन्न जिलों में छोटी बड़ी कंपनियों को उनकी आवश्यकता के अनुसार कर्मचारियों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के साथ ही युवाओं को भी रोजगार दिलाना आर0टी0डी0 योजना का मुख्य उद्देश्य है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना के तहत राज्य भर के 15,567 युवाओं ने पंजीकरण कराया था, जिसमें से 14,453 युवाओं ने प्रशिक्षण भी प्राप्त किया, लेकिन मात्र 3286 युवाओं को ही नौकरी मिली है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आर0टी0डी0 योजना द्वारा प्रशिक्षित युवाओं को शत-प्रतिशत रोजगार दिलाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

चहारदीवारी कि निर्माण

*220. श्री नारायण प्रसाद (क्षेत्र संख्या-06 नौतन)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत उच्च विद्यालय, पखनाहा, प्रखंड-बैरिया में मनरेगा योजना से वित्तीय वर्ष 2018-19 में चहारदीवारी निर्माण कार्य प्रारंभ कराया गया जो जून, 2025 तक अर्द्धनिर्मित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि चहारदीवारी निर्माण पूर्ण नहीं होने से विद्यालय परिसर मवेशियों का चारागाह एवं असामाजिक तत्वों का पनाहगाह बन गया है जिसके कारण शिक्षण कार्य प्रभावित होता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में अर्द्धनिर्मित चहारदीवारी निर्माण कार्य को पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क की मरम्मती

*221. डॉ0 आलोक रंजन (क्षेत्र संख्या-75 सहरसा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अंतर्गत कहरा प्रखंड में ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल, सहरसा के अधीन पथ बरियाही बाजार से बलहा-मुरलीबसंतपुर होते शाहपुर तक की 5 कि0 मी0 पथ अत्यंत जर्जर है, जिससे कोई अप्रिय घटना हो सकती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

आवास योजना में जोड़ना

*222. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह (क्षेत्र संख्या-194 आरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में 1.04 करोड़ गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ वर्ष मार्च, 2026 तक देने का सर्वे कराया गया है, जिसमें 40 प्रतिशत गरीब परिवारों को इस सूची से हटा दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजना के सर्वे में बड़े पैमाने पर अधिकारियों के लापरवाही के कारण ही गरीब परिवारों के नाम इस सूची से हट गए हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सर्वे में गड़बड़ी करने वाले पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने के साथ ही 40 प्रतिशत हटाए गए गरीब परिवारों के नाम को उक्त सूची में जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) अंशत: स्वीकारात्मक है। वस्तुस्थिति यह है कि ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त दिशा-निर्देशों के आलोक में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत प्रतीक्षा सूची से छूटे हुए योग्य परिवारों का नाम प्रतीक्षा सूची में शामिल करने हेतु दिनांक 10 जनवरी, 2025 से दिनांक 15 मई, 2025 तक पंचायतवार सर्वेक्षण का कार्य किया गया है। इस दौरान सेल्फ सर्वे एवं असिस्टेंड सर्वे का प्रावधान किया गया था। सेल्फ सर्वे के तहत लाभुक द्वारा आवास प्लस 2024 पर स्वयं आवेदन करते हुए अपना नाम सर्वेक्षण सूची में शामिल कराने का प्रावधान था। असिस्टेंड सर्वे के तहत पंचायतवार नामित कर्मियों यथा-ग्रामीण आवास सहायक/पंचायत रोजगार सेवक एवं जिला प्रशासन की अनुमति से पंचायत सचिव द्वारा सर्वेक्षण का कार्य किया गया है।

आवास प्लस 2024 के तहत राज्य में कुल 1 करोड़ 4 लाख 90 हजार 743 परिवारों का सर्वेक्षण किया गया है। इनमें लगभग 22 लाख आवेदन सेल्फ सर्वे के तहत प्राप्त है।

ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के प्राप्त दिशा-निर्देशों के आलोक में सेल्फ सर्वे के तहत सर्वेक्षित परिवारों की पुष्टि पंचायत सचिव अथवा जिला प्रशासन की अनुमति से कोई अन्य सरकारी कर्मी जो प्रखंड में पदस्थापित हैं, से कराया जा रहा है। वर्तमान में किसी भी परिवार का नाम सर्वेक्षण सूची से हटाया नहीं गया है।

(2) एवं (3)कंडिका (1) में स्थिति स्पष्ट कर दी गई है।

सड़क एवं नाली का निर्माण

*223. श्री कुमार शैलेन्द्र (क्षेत्र संख्या-152 बिहपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत खरीक प्रखंड अन्तर्गत खैरपुर पंचायत के वार्ड नं0-07 में अवस्थित पी0 डब्लू0 डी0 सड़क में यमुना लाल मंडल के घर से नरेश साह के घर होते हुए सत्संग भवन तक डेढ़ फीट पानी जमा रहता है जिससे आमजनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को पी0 सी0 सी0 एवं नाली का निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*224. श्री शकील अहमद खाँ (क्षेत्र संख्या-64 कदवा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलांतर्गत डंडखोरा प्रखंड के भमरैली ग्राम पंचायत में रामशरण केवट के घर से पोखर टोला तक कच्ची सड़क है जिसके कारण पोखर टोला के आबादी को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

रास्ता चालू कराना

*225. श्री राहुल तिवारी (क्षेत्र संख्या-198 शाहपुर)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के शाहपुर प्रखण्ड के अन्तर्गत ग्राम-सेमरिया के दलित बस्ती में वर्षों से रास्ता चालू था, परन्तु कुछ दबंग व्यक्तियों द्वारा रास्ते को घेर कर रोक दिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त रास्ता को कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का जीर्णोद्धार

*226. श्री पंकज कुमार मिश्र (क्षेत्र संख्या-29 रून्नीसैदपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के रून्नीसैदपुर प्रखण्ड अन्तर्गत रून्नीसैदपुर उतरी पंचायत के पी0डब्लू0डी0 मुख्य सड़क से सोनपुरवा बाँध तक की सड़क जर्जर है जिससे आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जर्जर सड़क का कबतक जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का जीर्णोद्धार

*227. श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव (क्षेत्र संख्या-216 जहानाबाद)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला अन्तर्गत किन्दुई से हमीदपुर (मुरहरा) भाया रतनी फरीदपुर तक पथ निर्माण विभाग की सड़क रख-रखाव के अभाव में जीर्ण-शीर्ण स्थिति में पहुँच चुकी है, आवागमन में काफी कठिनाइयों के साथ-साथ आये दिन दुर्घटना घटित होती रहती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता द्वारा अपने पत्रांक 268, दिनांक 28 मार्च, 2025 को उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कार्य कराने हेतु विकास आयुक्त, बिहार, पटना को पत्र देने के बावजूद भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नाला का निर्माण

*228. श्री संतोष कुमार मिश्र (क्षेत्र संख्या-209 करगहर)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत करगहर प्रखंड के ग्राम-करगहर से थाना करगहर होते हुए करगहर रीवां एम0एम0जी0एस0वाई0 पथ से करगहर युवा पथ तक नाला के गलत एलाइमेंट के कारण गन्दा पानी सड़क पर बहता रहता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सही एलाइमेंट से उक्त नाला का निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*229. श्रीमती वीणा भारती (क्षेत्र संख्या-44 त्रिवेणीगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला अन्तर्गत त्रिवेणीगंज प्रखंड के जदिया पंचायत के वार्ड नं0-15 में एस0एच0-91 मुख्य सड़क से बिजली पावर सब-स्टेशन जाने वाले रास्ते में गंगापुर उप-वितरणी नहर पर पुल का निर्माण नहीं हुआ है, जिसके कारण नहर के उस पार आने-जाने में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त उप-वितरणी नहर पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

पुल का निर्माण

*230. श्री अखतरूल ईमान (क्षेत्र संख्या-56 अमौर)--क्या मंत्री, ग्रामीण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अंतर्गत बैसा प्रखंड के रियाद अली पुल का निर्माण कार्य वर्ष 2017 से निजी भूमि होने के कारण बाधित है;

(2) क्या यह बात सही है कि निजी भूमि होने के कारण रैयतों से 06 माह पूर्व सहमति प्राप्त कर पुल निर्माण कार्य हेतु भूमि निबंधन का अर्हताएं पूर्ण करा लिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल का निर्माण कबतक कार्य प्रारंभ करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का जीर्णोद्धार

*231. श्री विजय कुमार खेमका (क्षेत्र संख्या-62 पूर्णियाँ)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ विधान सभा अंतर्गत तीन प्रमुख सड़क (1) भोगा मोड़ जामुन गाछी से गोवर्द्धन पोद्दार के घर तक (2) आंगनबाड़ी भोगा देहात से गोवर्द्धन पोद्दार के घर तक (3) फरियानी चौक ठाढ़ा मुसहरी मंझो सोतारी आदिवासी टोला पथ सकरी एवं जर्जर है, साथ ही यह पथ कच्ची होने से बरसात के दिनों में भारी जल-जमाव के कारण आम ग्रामीणों का आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथों का जीर्णोद्धार एवं चौड़ीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का जीर्णोद्धार

*232. श्री मुकेश कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-27 बाजपट्टी)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग के कार्यक्षेत्र में 41 कि0मी0 लम्बी सड़क चकौती, भाउर, बुधनगरा, नानपुर भदियन, भासर डुमरा पथ पड़ता है, वर्तमान में यह पथ ओ0पी0आर0एम0सी0 योजना के तहत अभी मेन्टेनेन्स में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क में घनकौल, मदशिपुर, रामनगर, बैंगहा, सिरसी, घाघी, कुरहर, गोरहउल, बुधनगरा, महिसौथा, चकौती के ग्रामीण क्षेत्र में पी0सी0सी0 बिल्कुल ध्वस्त होकर बड़ा-बड़ा गड्ढा (खाई) का रूप ले चुका है जिसमें किसी समय भयंकर दुर्घटनाएं हो सकती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जर्जर सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*233. श्री अजय कुमार (क्षेत्र संख्या-138 विभुतिपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत समर्था चाँद सुरारी-सुरोली पथ के निर्माण हेतु मुख्य अभियंता-6, दरभंगा, ग्रामीण कार्य विभाग के पत्रांक 1477 अनु0, दिनांक 20 दिसम्बर, 2024 द्वारा पुनरीक्षित प्राक्कलन पर पुनरीक्षित तकनीकी अनुमोदन प्रदान कर अग्रेतर कार्रवाई हेतु विभाग को भेजी गई है, परन्तु अभीतक इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं होने से उक्त पथ का निर्माण कार्य लम्बित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त संबंध में कार्रवाई कर समर्था चाँद सुरारी-सुरोली पथ का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई कराना

*234. श्री राकेश कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-174 इस्लामपुर, नालन्दा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के इस्लामपुर प्रखंड के चुल्हन विगहा बराज का निर्माण कार्य वित्तीय वर्ष 2021-22 से हो रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त बराज के निर्माण कार्य में मिट्टी युक्त बालू, मरा हुआ गिट्टी तथा लोकल सीमेंट का उपयोग किया जा रहा है तथा स्थानीय सदस्य द्वारा प्राक्कलन की कॉपी मांगे जाने पर वह भी उपलब्ध नहीं कराया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त निर्माण कार्य में गुणवत्ता की जाँच कर संवेदक पर कार्रवाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*235. श्री विद्या सागर केशरी (क्षेत्र संख्या-48 फारबिसगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत फारबिसगंज प्रखंड के कुशमाहा पंचायत के रामगंज गांव में नाबार्ड योजना से स्वीकृत पुल निर्माण कार्य हेतु विभाग एवं संवेदक द्वारा पूर्व से निर्मित काउजवे को दिसंबर 2024 में तोड़ दिया गया परंतु आजतक पुल निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्व से निर्मित काउजवे टूटने से हजारों किसान, छात्र-छात्रा एवं आमजन के आवागमन का मार्ग बाधित हो गया है जिसके कारण उन्हें प्रतिदिन काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वर्णित पुल का निर्माण में विलंब करने वाले तथा काउजवे तोड़कर डायवर्सन नहीं बनाने वाली दोषी विभागीय पदाधिकारी एवं संवेदक पर उचित कानूनी कार्रवाही कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुल का निर्माण

*236. श्री मुहम्मद इजहार असफी (क्षेत्र संख्या-55 कोचाधामन)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत प्रखंड-किशनगंज में काशीपुर से चौन्दी जाने वाली पथ में आर०सी०सी० पुल का निर्माण नहीं होने से किशनगंज प्रखंड के आमजनों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार काशीपुर से चौन्दी जाने वाली पथ में आर०सी०सी० पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पीपा पुल की लम्बाई

*237. श्री युसूफ सलाहउद्दीन (क्षेत्र संख्या-76 सिमरी बख्तियारपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सिमरी बख्तियारपुर में राजनपुर घोघसम के बीच कोसी नदी पर निर्मित पीपा पुल के निर्माण में दो सौ पीपा में 72 पीपा ही लगाया गया जिस कारण जल स्तर बढ़ने पर पीपा पुल की लम्बाई कम रहने की वजह से बीच के हिस्सों के बह जाने का गम्भीर खतरा बना हुआ रहता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक पीपा की लम्बाई बढ़ाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*238. श्री विजय कुमार (क्षेत्र संख्या-169 शेखपुरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिला के अरियरी प्रखंड अन्तर्गत ग्राम पंचायत राज कसार में सिरनीया पुल से लेकर नीमिया तक लगभग 2 कि०मी० कच्ची सड़क है, जिसके कारण आमजनता को पैदल चलने में भी काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कच्ची सड़क को पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का नवनिर्माण

*239. श्री विनय कुमार (क्षेत्र संख्या-225 गुरूआ)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के मगध मेडिकल से कपस्या, मथुरापुर होते हुये रफीगंज तक जाने वाली सड़क एस०एच०-101 जो ग्राम-चपरदह के जमुने नदी को पार करते हुये जाती है, साथ ही उक्त मार्ग से गुरारू, परैया तथा नगर प्रखंड के ग्रामीण मगध मेडिकल में इलाज हेतु तथा दिहाड़ी मजदूर लोग प्रत्येक दिन आवागमन करते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मार्ग में जमुने नदी पर बना पुल जर्जर हो गया है तथा कुछ दूर निजी जमीन होने के कारण सड़क का निर्माण किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार निजी जमीन को अधिग्रहण करते हुये सड़क का चौड़ीकरण तथा पुल का नवनिर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पथ का निर्माण

*240. श्री पवन कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-155 कहलगांव)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के सन्हौला प्रखंड अंतर्गत भखरी से उच्च विद्यालय, सनोखर होते हुये RCD पथ तक सड़क एवं खड़हरा संथाल परगना पथ से मदारगंज, अदलपुर होते हुये मध्य विद्यालय, सेवरी तक सड़क की स्थिति अत्यंत जर्जर है, जिससे आमजनता को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों पथों का उन्नयन करते हुये निर्माण कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*241. श्रीमती मनोरमा देवी (क्षेत्र संख्या-232 बेलागंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत बेलागंज प्रखंड के श्रीपुर पंचायत में प्रेमबिगहा से पनारी तक का पथ लगभग 06 किमी जर्जर एवं कच्ची रहने के कारण बरसात के दिनों में जल-जमाव होने से यातायात बंद हो जाता है, जिससे हजारों की आबादी को प्रत्येक दिन आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*242. श्री संदीप सौरभ (क्षेत्र संख्या-190 पालीगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला अन्तर्गत पालीगंज प्रखंड के बेलवन तथा लखनटोला और दुल्हिनबाजार प्रखंड के बड़की खरमा महादलित टोला गाँव में अबतक सड़क का निर्माण नहीं हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पालीगंज प्रखंड के लखनटोला और दुल्हिनबाजार प्रखंड के बड़की खरमा महादलित टोला के लिये पूर्व में विभाग द्वारा निविदा प्रकाशित की गई थी, इसके बावजूद आजतक सड़क का निर्माण नहीं हो सका है, जिससे ये गांव और टोले मुख्य मार्ग से नहीं जुड़ पाये हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त तीनों गांव में शीघ्र सड़क का निर्माण कबतक कराकर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*243. डॉ० संजीव कुमार (क्षेत्र संख्या-151 परबत्ता)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत NH-31 गौछरी से पौरा जाने वाली PMGSY सड़क का निर्माण कार्य साल 2014 में हुआ था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क NH-31 गौछरी से मैरा भाया पौरा तक की सड़क की स्थिति जर्जर है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क में विगत पांच साल के कोई भी कार्य नहीं होने से आवाजाही में लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

नाला का निर्माण

*244. श्री जनक सिंह (क्षेत्र संख्या-116 तरैया)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के पथ प्रमंडल, छपरा अन्तर्गत दिघवारा, भेल्दी, अमनौर, तरैया, सिमरी बांध (एस०एच०-104) में पचरौर, तरैया एवं पानापुर बाजार के नाला निर्माण कार्य एवं सीवान, बसंतपुर, तरैया मढ़ौरा पथ (एस०एच०-73) के 58वें कि०मी० में तरैया बाजार के नाला निर्माण कार्य का प्राक्कलन समर्पित होने के बावजूद अभीतक निर्माण कार्य आरंभ नहीं हो पाया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थलों पर नाला का निर्माण नहीं होने से पानी की निकासी नहीं होने के कारण जल-जमाव होने से आम-आवाम को काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थलों पर नाला का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

जीर्णोद्धार कराना

*245. श्री आनन्द शंकर सिंह (क्षेत्र संख्या-223 औरंगाबाद)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला का कर्मा माईनर जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है एवं इसका आउटलेट यत्र-तत्र बना हुआ है, जिससे कुटुम्बा और औरंगाबाद विधान सभा क्षेत्रों से लगे हुये गांवों में सिंचाई कार्य बाधित है और किसानों को कृषि-कार्य में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त माईनर का पक्कीकरण कराते हुये जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

संवेदकों पर कार्रवाई

*246. श्री वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-09 सिकटा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार ने पंचवर्षीय अनुरक्षण नीति के तहत आने वाली सभी अन्डर मेन्टेनेन्स सड़कों को जून, 2025 तक मरम्मती कराने का निर्देश दिया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नरकटियागंज जिलान्तर्गत सिकटा विधान सभा क्षेत्र में रम्पुरवा से पदमौल सड़क गौरीपुर-परसौनी सड़क जैसी 25 से अधिक सड़कों को अभीतक मरम्मती नहीं हो सकी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सभी जर्जर सड़कों की मरम्मती के साथ संवेदकों पर कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*247. श्री शमीम अहमद (क्षेत्र संख्या-12 नरकटिया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत कार्य प्रखण्ड रक्सौल के अधीन छौड़ादानों प्रखण्ड के लखौरा आदापुर पथ से पकड़िया पट्टान पट्टी (सर्वे आई०डी० 83058) एवं कार्य प्रमण्डल ढाका के अधीन बनकटवा प्रखण्ड के पिपरा टोला से इनरवा फुलवार पी०एम०जी०एस०वाई० मजिरवा महादलित टोला (सर्वे आई०डी० 88015, ओल्ड 54814) सड़क कच्ची एवं जर्जर अवस्था में है, इन सड़कों को आजादी के बाद अबतक सम्पर्कता प्रदान नहीं है, जिससे आमजन को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित सड़कों को कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

बाँध का जीर्णोद्धार

*248. श्री राणा रणधीर (क्षेत्र संख्या-18 मधुबन)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के पकड़ीदयाल प्रखंड के ग्राम-ठीकहाँ से कोरल ग्राम तक बूढ़ी गंडक नदी के बायां तटबंध पर बना बाँध जर्जर हो चुका है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त बाँध का जीर्णोद्धार कर उसपर पक्की सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पथ का चौड़ीकरण

*249. श्री संजय कुमार गुप्ता (क्षेत्र संख्या-30 बेलसंड )--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बेलसंड प्रखंड में बेलसंड मीनापुर पथ चौड़ीकरण हो चुकी है, लेकिन चंदौली पुल के निकट से बेलसंड दुर्गा मंदिर तक जिसकी दूरी 3.7 कि०मी० है, शेष पथों में चौड़ीकरण अभीतक पूर्ण नहीं हुआ है जिसके कारण आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक शेष पथों का चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क एवं पुल का निर्माण

*250. श्री अनिल कुमार (क्षेत्र संख्या-24 बथनाहा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सोनबरसा प्रखंड अंतर्गत फूलकहाँ से तिलंगी जाने के लिए सड़क एवं पुल नहीं होने के कारण प्रतिदिन अप्रिय घटनाएँ होती रहती है, यदि हाँ, तो सरकार सोनबरसा प्रखंड अंतर्गत फूलकहाँ से तिलंगी जाने के लिए सड़क एवं पुल निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*251. श्री अमर कुमार पासवान (क्षेत्र संख्या-91 बोचहां)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत बोचहां विधान सभा क्षेत्र के प्रखंड मुशहरी के ग्राम पंचायत राजवाड़ा भगवान में दलित पिछड़े वर्ग की ग्राम-रजवाड़ा से रौशनपुर होते हुए पीर मोहम्मदपुर को जोड़ने वाली सड़क की स्थिति जर्जर है जिससे आमजनता को आने-जाने में समस्या होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क एवं पुलिया का निर्माण

*252. श्री रामबली सिंह यादव (क्षेत्र संख्या-217 घोसी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिलान्तर्गत मोदनगंज प्रखंड के खरनाग गाँव को सड़क नहीं रहने के कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार खरनाग गाँव को सड़क एवं नहर में पुलिया बनाकर कबतक संपर्क प्रदान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क की मरम्मती

*253. श्री राम विशुन सिंह (क्षेत्र संख्या-197 जगदीशपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत दुलहीनगंज आयरपथ में वरनाँव मठिया से महादलित मुहल्ला सड़क एवं ज्ञानपुर सड़क में 2-2 फीट पानी लगने के कारण ग्रामीणों को आवागमन बाधित है जिससे ग्रामीणों को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़कों की मरम्मती कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का चौड़ीकरण

*254. श्रीमती मीना कुमारी (क्षेत्र संख्या-34 बाबूबरही)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बाबूबरही विधान सभा के बाबूबरही प्रखण्ड के नासपट्टी से भुपट्टी गैस गोदाम तक जाने वाले सड़क जो तेनुआही एस०एच० से खुटौना सड़क एवं राजनगर से होते हुए खुटौना तक जोड़ने वाली लगभग 06 किलो मीटर सड़क की चौड़ाई कम होने तथा एक तरफ नाला का निर्माण नहीं किये जाने से राहगीरों को आवागमन में परेशानी एवं हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को चौड़ीकरण तथा नाला निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नदी का उड़ाहीकरण

*255. श्री अचमित ऋषिदेव (क्षेत्र संख्या-47 रानीगंज, अररिया)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के दुलारदई नदी में गाद भर जाने के कारण नदी के जल प्रवाह में लगातार कमी आ रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नदी की उड़ाही (गहरीकरण एवं सफाई) कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का चौड़ीकरण

*256. श्री महबूब आलम (क्षेत्र संख्या-65 बलरामपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के बारसोई प्रखंड के आबादपुर थाना क्षेत्र ग्वालटोली गाँव से कुशिधा घाट तक का पथ बिहार-बंगाल को जोड़ने वाला पथ निर्माण विभाग की सड़क एकल पथ है जो बिहार के कटिहार, पूर्णियाँ जिला की जनता के लिए बंगाल के मालदा जिला होकर कोलकाता जाने वाला महत्वपूर्ण सड़क है, यदि हाँ, तो सरकार ग्वालटोली से कुशिधा घाट तक की सड़क का चौड़ीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

स्लूईस गेट का पुनर्निर्माण

*257. श्री समीर कुमार महासेठ (क्षेत्र संख्या-36 मधुबनी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत रहिका प्रखंड के बलिया गाँव में विश्व बैंक संपोषित योजना के अंतर्गत स्लूईस गेट का निर्माण जीवछ नदी में 20 वर्ष पूर्व किया गया था जो अब जर्जर हो गया है जिसके कारण किसानों को सिंचाई सुविधा नहीं मिल पा रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्लूईस गेट का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*258. श्री देवेश कान्त सिंह (क्षेत्र संख्या-111 गोरियाकोठी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सिवान जिला के महाराजगंज कार्य प्रमंडल अन्तर्गत गोरेयाकोठी प्रखंड के गोपालपुर आर०सी०डी० पथ से जगदीशपुर खग्नी की ओर जानेवाली पथ (मोबाइल सर्वे आई०डी० 78857) एवं उजैन से कपड़ीपुर यादव टोला (मोबाइल सर्वे आई०डी० 9706) तक जानेवाली कच्ची सड़क वर्षों से गड्ढे में तब्दील हो गई है जबकि एक साल पहले दोनों पथ का मोबाइल ऐप के माध्यम से सर्वे हुआ है परन्तु अभीतक निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़कों का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*259. श्री राम सिंह (क्षेत्र संख्या-4 बगहा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चंपारण जिलान्तर्गत बगहा 1 प्रखंड के ग्राम पंचायत राज सलहा बरियरवा के ग्राम-सलहा से सिकरहना नदी होते हुए सिसवा मिडिल स्कूल तक 4 कि०मी० कच्ची सड़क है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त पथ में सिकरहना नदी पर पुल का निर्माण लगभग 5 करोड़ की लागत से कराया गया है लेकिन सड़क नहीं बनने से पुल का उपयोग नहीं हो पाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

ड्रेनेज का निर्माण

*260. श्री राम सुरत कुमार (क्षेत्र संख्या-89 औराई)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखनदेई नदी मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत लगभग 22 कि०मी० प्रवाहित होकर बागमती स्लूईस के माध्यम से बागमती नदी में मिल जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि लखनदेई नदी पर तटबंध निर्माण हेतु योजना पूर्व में तैयार की गई थी परन्तु अबतक योजना की स्वीकृति नहीं हो पाई है, जिस कारण लखनदेई नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी होने पर मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत औराई एवं कटरा प्रखंड की बड़ी आबादी एवं खेती बाढ़ के त्रासदी से प्रभावित होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त लखनदेई नदी को सिंचाई हेतु अथवा ड्रेनेज चैनल के रूप में विकसित कराने हेतु कार्रवाई का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कार्रवाई करना

*261. श्रीमती प्रतिमा कुमारी (क्षेत्र संख्या-127 राजा पाकर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के देसरी प्रखंड अंतर्गत जहाँगीरपुर शाम पंचायत से आजमपुर पंचायत होते हुए भिखनपुरा पंचायत तक वाटरवेज बाँध के मरम्मती कार्य में मानक के विपरीत निर्माण सामग्रियों का प्रयोग किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त वाटरवेज बाँध परिक्षेत्र अंतर्गत खड़गपुर गाँव के वार्ड सं० 11 से 13 के बीच बाँध से सटे स्थापित ट्रांसफॉर्मर बाँध की ऊंचाई बढ़ने से बाँध की बराबरी पर आ गया है, जिससे विद्युत् दुर्घटना होने का भय बना रहता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बाँध के मरम्मती कार्य की जाँच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

ड्रेनेज का निर्माण

*262. श्री मनोज कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-16 कल्याणपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के कोटवा प्रखंड अन्तर्गत मच्छरगाँवा से निकलने वाली समौती नदी के दोनों तरफ 10-10 कट्ठा जमीन पर किसानों की फसले

जल-जमाव के कारण नष्ट हो जाती है एवं फसल नुकसान का मुआवजा भी किसानों को नहीं मिलता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित नदी की अधिग्रहित भूमि पर कबतक ड्रेनेज का निर्माण कराकर फसलों को नुकसान से बचाव करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

नाला का निर्माण

*263. श्री मुरारी मोहन झा (क्षेत्र संख्या-86 केवटी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत केवटी एवं सिन्हवाड़ा प्रखंड में पंचायत खिरमा एवं टेक्टार में एवं अन्य ग्रामीण इलाकों में ग्रामीण कार्य विभाग के द्वारा बन रहे सड़कों में नाला नहीं रहने के कारण वर्षात के समय में सड़क पर अत्यधिक जल-जमाव होने के कारण सड़क जल्द ही क्षतिग्रस्त हो जाता है जिससे स्थानीय लोगों एवं आम नागरिकों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़कों में नाला जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का पक्कीकरण

*264. श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव (क्षेत्र संख्या-17 पिपरा, पूर्वी चंपारण)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के तेतरिया प्रखंड अन्तर्गत बेघवा चौक से पंचायत सरकार भवन होते हुए धोबौलिया मिडिल स्कूल तक कच्ची सड़क है जिससे आमजनों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कच्ची सड़क को पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पथ का निर्माण

*265. श्री गोपाल रविदास (क्षेत्र संख्या-188 फुलवारी)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत फुलवारीशरीफ प्रखंड के पटना सुरक्षा बाँध धरायचक से शहीद भगत चौक फुलवारीशरीफ तक लगभग 12 कि०मी० लम्बी सड़क जो ग्रामीण कार्य विभाग के अधीन है, जो इस पथ का रख-रखाव नियमित ढंग से नहीं हो रहा है साथ ही उक्त पथ फुलवारीशरीफ और पुनपुन को एम्स पटना, प्रखंड मुख्यालय, जिला मुख्यालय को जोड़ती है, जिससे लाखों आमजनता का आवागमन होता रहता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ को पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहित करते हुए पथ का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पथ का निर्माण

*266. श्री रामविलास कामत (क्षेत्र संख्या-42 पिपरा, सुपौल)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत किशनपुर प्रखंड के नौआबाखर पंचायत के ग्राम सिमराहा से बौराहा पंचायत के सोनवर्षा घाट तक अबतक सुदृढ़ बारहमासी कच्ची सड़क का निर्माण मनरेगा से नहीं कराया गया है जबकि विगत तीन साल में दो बार सड़क निर्माण की योजना बनाई गयी थी और थोड़ा मिट्टी का काम कराकर काम को अपूर्ण अवस्था में छोड़ दिया गया और राशि की निकासी कर ली गयी, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को सुदृढ़ीकरण और बारहमासी पथ के रूप में निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

मुआवजा देना

*267. श्री विनय विहारी (क्षेत्र संख्या-05 लौरिया)--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा बिहारी मजदूरों के अपने प्रदेश से बाहर असामयिक मृत्यु होने पर आश्रित को दो लाख रुपया जबकि राज्य के अन्दर मृत्यु होने पर चार लाख रुपया मुआवजा देने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहारी मजदूरों का दूसरे प्रदेशों में मृत्यु होने पर आश्रित को मृत्यु प्रमाण-पत्र, पोस्टमार्टम रिपोर्ट, थाना में दर्ज सनहा की कॉपी प्राप्त करने में बहुत कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रवासी मजदूरों के मृत्यु के बाद आश्रित को मुआवजा चार लाख रुपया एवं शव लाने हेतु 20,000 रुपया अनुदान तथा अपने विभागीय माध्यम से मृतक का मृत्यु प्रमाण-पत्र, दर्ज सनहा एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट मंगवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*268. श्री मोहम्मद अनजार नईमी (क्षेत्र संख्या-52 बहादुरगंज)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत बहादुरगंज बाजार को जाम से मुक्ति हेतु जिला कार्यालय द्वारा बाईपास सड़क का प्राक्कलन तैयार कर वर्ष 2023 को स्वीकृति हेतु पथ निर्माण मुख्यालय, पटना को भेजा जा चुका है, जो लंबित है, यदि हाँ, तो सरकार जनहित में उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

भवन निर्माण

*269. श्री दामोदर रावत (क्षेत्र संख्या-242 झाझा)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत लक्ष्मीपुर प्रखंड के पंचायत मोहनपुर एवं गौरा पंचायत सरकार भवन निविदा उपरान्त दिनांक 23 अगस्त, 2013 को बनना प्रारंभ होने के बाद भी आजतक पूर्ण नहीं हो सका है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पंचायतों के अर्द्धनिर्मित जीर्ण-शीर्ण हो चुके पंचायत सरकार भवन के स्थान पर नये भवन की स्वीकृति देकर निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*270. श्री रणविजय साहू (क्षेत्र संख्या-135 मोरवा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के मोरवा प्रखंड अंतर्गत मरिचा चौक से योगी स्थान तक तथा योगी स्थान से शिवनन्दन राय के घर तक लगभग 1.75 कि०मी० सड़क जर्जर होने तथा पानी जमा होने से आवागमन में कठिनाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ताजपुर नगर परिषद् के वार्ड नं० 19 अंतर्गत एन०एच० 28 से समसुलह कर मार्केट होते हुए फल मंडी तक जाने वाली सड़क के जर्जर होने के कारण आवागमन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जर्जर सड़कों का पी०सी०सी० निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## सड़क का निमार्ण

*271. श्री प्रमोद कुमार (क्षेत्र संख्या-19 मोतिहारी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत मोतिहारी प्रखंड मधुबनी घाट ढ़ाला पी०डब्लु०डी०रोड से कामख्या माँ मंदिर चिमनी होते ढ़ेकहाँ बाजार एवं मोतिहारी प्रखंड के ढ़ेकहा बाजार विश्वकर्मा चौक से मिश्र टोला श्री कृष्ण मिश्र एवं दिनेश मिश्र के घर होते अम्बीका उच्च विद्यालय वो मिश्र टोल पोखर से गोस्वामी टोला योगेन्द्र प्र0 कुशवाहा के घर तरफ जर्जर ग्रामीण पथ का निर्माण न होने से स्थानीय लोगों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जर्जर रोड का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

## सड़क का पक्कीकरण

*272. श्री प्रफुल्ल कुमार मांझी(क्षेत्र संख्या-240 सिकंदरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत खैरा प्रखंड के गरही पंचायत के हाड़ोडीह एवं आमकोली जो आदिवासी बाहुल्य गाँव है, पक्की सड़क नहीं रहने के कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार हाड़ोडीह एवं आमकोली तक पक्की सड़क कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

## संवेदक पर कार्रवाई

*273. श्री अजय यादव (क्षेत्र संख्या-233 अतरी)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी, जिला अंतर्गत प्रखंड नीमचक बथानी में हर खेत तक सिंचाई का पानी योजना अंतर्गत बथानी पईन, आहर का जीर्णोद्धार कार्य में संवेदक के द्वारा मिट्टी का कार्य नहीं के बराबर किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पाईन, आहर के जीर्णोद्धार कार्य में मिट्टी के कार्य की उच्चस्तरीय जांच करवा कर दोषी संवेदक पर कार्रवाई करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

## दोषी पर कारवाई

*274. श्रीमती मंजु अग्रवाल (क्षेत्र संख्या-226 शेरघाटी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी जिलान्तर्गत प्रखंड डोभी के कोठवारा में दो-तीन वर्ष पूर्व नीलांजन नदी पर निर्मित पुल पर दरार आने के कारण आवागमन पूरी तरह से बंद है साथ ही यह पुल का निर्माण करते समय एक पाया क्षतिग्रस्त हो गया था फिर भी बिना कोई जाँच कर पुल का निर्माण कर दिया गया जिसके कारण आवागमन में दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार अनियमितता बरतने वाले संलिप्त पदाधिकारियों एवं संवेदक पर जाँच कराकर कबतक करावाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अतिक्रमण मुक्त करना

*275. श्री दिलीप राय (क्षेत्र संख्या-26 सुरसंड)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिलान्तर्गत ढ़ाका प्रखंड के करमावा गाँव स्थित श्री हरिभजन मिश्र कन्या उच्च विद्यालय के पास से झंडा गाछी पासवान टोला, शिव मंदिर होते हुए गुलरिया टोला जाने वाली पक्की सड़क पर अतिक्रमण होने की वजह से आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को अतिक्रमण मुक्त कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*276. श्री अनिरूद्ध कुमार (क्षेत्र संख्या-180 बख्तियपुर)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग,यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के फुलवारीशरीफ प्रखंड के ढ़ीबरा पंचायत के महादेव चक गाँव में रामबाबू यादव के घर से मुशहरी तक (पश्चिम-भर) सड़क विगत तीन वर्षों से जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क की मरम्मती

*277. श्री प्रमोद कुमार सिन्हा (क्षेत्र संख्या-10 रक्सौल)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत रक्सौल प्रखंड के NH 527 D से डंकन चौक तक सड़क अत्यंत जर्जर है जिससे आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क की मरम्मती का कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

तटबंध का सुदृढ़ीकरण

*278. श्री रामप्रवेश राय (क्षेत्र संख्या-100 बरौली) स्थानीय दैनिक समचार-पत्र में दिनांक 30 जून, 2025 को प्रकाशित शीर्षक "चूहे के सुरंग से देवापुर-भैंसही छरकी समेत कई बांधों के टूटने की आशंका" के आलोक में क्या मंत्री जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिले के सरफरा से लेकर गौसियां तक सारण बांध में कई जानवरों द्वारा दर्जनों मांद बनायी गयी हैं जिस कारण गंडक नदी में पानी भरते ही मांद बनाने से बांध में बनी सुराख में पानी भरने के साथ बांध टूटने का भय बना रहता है, यदि हाँ, तो सरकार सरफरा से लेकर गौसियां तक सारण तटबंध एवं छरकियों की मरम्मती, सुदृढ़ीकरण एवं ऊँचीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*279. श्री सैयद रूकनुद्दीन अहमद (क्षेत्र संख्या-57 बैसी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के बायसी प्रखंड के पुरानागंज पंचायत के जसमतिया चार एवं बनगामा पंचायत के मछमारा धार में अबतक पुल का निर्माण नहीं हुआ है इन स्थानों पर पुल का निर्माण नहीं होने से प्रखंड मुख्यालय से जिला मुख्यालय जाने में लाखों लोगों को काफी कठिनाई होती है, साथ ही 40 कि०मी० अधिक दूरी तय करनी पड़ती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थानों पर (धार-पर) पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पथ का निर्माण

*280. श्रीमती रेखा देवी (क्षेत्र संख्या-189 मसौढ़ी)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत मसौढ़ी उलार पाली पथ से मसौढ़ी जीरों माइल से मसौढ़ी बाईपास गुमटी तक पथ निर्माण विभाग से निविदा दिसम्बर, 2024 को निकाली गई थी, लेकिन आजतक पथ का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया। जबकि पथ की स्थिति काफी जर्जर है, जिससे आमजनों को आवागमन में काफी परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

दोषियों पर कार्रवाई

*281. डॉ० रामानुज प्रसाद (क्षेत्र संख्या-122 सोनपुर)--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल छपरा द्वारा निकाली गयी निविदा संख्या 10/2024-25 एवं निविदा संख्या 13/2024-25 का अधिकांश कार्य निविदा प्रकाशन से पूर्व ही कार्यपालक अभियंता द्वारा निकटतम संवेदकों द्वारा करा लिया गया हैं, यदि हाँ, तो सरकार इसकी जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

जाँच कर कार्रवाई करना

*282. श्री अजीत शर्मा (क्षेत्र संख्या-156 भागलपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पिछले एक वर्ष के अंदर पूर्वी बिहार की लाइफ लाइन विक्रमशिला सेतु के पिलर संख्या 89,113,125,141,148 सहित कुल 13 जगहों पर एक्सपेंशन ज्वायंट का गैप बढ़ जाने के कारण पुल के ध्वस्त हो जाने का खतरा बना हुआ है, यदि हाँ, तो पुल को सुरक्षित रखने के लिये सरकार कबतक सभी एक्सपेंशन ज्वायंट के गैप की जाँच विशेषज्ञ से कराकर समुचित कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*283. श्री विजय सिंह (क्षेत्र संख्या-68 बरारी)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बरारी विधान सभा में शरीफगंज से लेकर नरैहिया तक जाने वाली सड़क में सुखासन, डुमरिया, नाथनगर, मधुबनी, सकरैली, रौनिया एवं समेली प्रखंड तक 07 किमी० सड़क जर्जर है जिसके कारण आवागमन में लोगों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जर्जर सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*284. श्री उमाकांत सिंह (क्षेत्र संख्या-07 चनपटिया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चंपारण जिलान्तर्गत मझौलिया प्रखंड के डुमरी पंचायत में सिहरहिया मोड़ से मसान माता स्थान तक जाने वाली सड़क कच्ची एवं जर्जर है, जिससे लोगों को यातायात में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*285. श्रीमती गायत्री देवी (क्षेत्र संख्या-25 परिहार)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत परिहार प्रखंड के कुम्मा-वेला पथ के 4 कि०मी० पर मानिकपुर मुशहरनियाँ गाँव में अंग्रेजों के जमाने का चुना-सुर्खी का पुल है, जो काफी जर्जर स्थिति में है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कुम्मा-वेला पथ के मानिकपुर मुशहरनियाँ गाँव में आर०सी०सी० पुल निर्माण कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*286. श्री सुर्यकान्त पासवान (क्षेत्र संख्या-147 बखरी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बखरी प्रखंड स्थित बखरी खगड़िया पी०डब्लू०डी० रोड से समसा पथ पर स्थित सिदुआरी पुल अत्यधिक पुराना एवं जर्जर हो चुका है, जिसके कारण आवागमन में परेशानी एवं दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*287. श्रीमती निशा सिंह (क्षेत्र संख्या-66 प्राणपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत आजमनगर प्रखंड के अमरसिंहपुर पंचायत अंतर्गत मंगटपुर हाई स्कूल से कमलपर हॉल्ट की ओर जाने वाली सड़क अत्यंत जर्जर है जिसके कारण स्थानीय लोगों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

वितरणी का उड़ाहीकरण

*288. श्री भीम कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-219 गोह)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अंतर्गत हसपुरा प्रखंड के इटावा पंचायत के ग्राम-इटावा से जैतपुर पंचायत के ग्राम-दौलतपुर नगौली तक माली लाइन नहर से निकली वितरणी अनमोली लाइन का उड़ाहीकरण एवं पक्की करण नहीं होने से इस क्षेत्र के किसानों को सिंचाई में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नहर का उड़ाहीकरण एवं पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुल का निर्माण

*289. श्री अरूण शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-33 खजौली)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बासोपट्टी प्रखंड के घोड़वंकी वालट सड़क के वछराज नदी में स्क्रू पाईल्स पुल क्षतिग्रस्त है जिस कारण आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त क्षतिग्रस्त पुल को कबतक आर०सी०सी० पुल निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

बाँध का मजबूतीकरण

*290. श्री अशोक कुमार चौधरी (क्षेत्र संख्या-92 सकरा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के मुरौल प्रखण्डान्तर्गत महम्मदपुर बदल पंचायत के ग्राम-महम्मदपुर मोहन में बूढ़ी गंडक के बाँध के किनारे 300 मछुआरों के परिवार बसे हुए हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायत स्थित बुढ़ी गंडक बाँध की स्थिति कई जगहों पर जर्जर हो गयी है जिससे बरसात के दिनों में बाँध से पानी का रिसाव होता रहता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बाँध का मजबूतीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

दोषी पर कार्रवाई

*291. श्री छोटे लाल राय (क्षेत्र संख्या-121 परसा)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत परसा प्रखण्ड के बहमाड़र में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य चल रहा है, जो प्राक्कलन के अनुसार नहीं हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर हो रहे निर्माण कार्य की जाँच कराते हुए दोषी संवेदक एवं पदाधिकारियों पर कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

प्रखंड परिसर को सुसज्जित करना

*292. श्री नारायण प्रसाद (क्षेत्र संख्या-06 नौतन)--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत प्रखंड मुख्यालय बैरिया के पुराने जर्जर भवन को तोड़कर परिसर को खाली करने का अनुरोध प्रखंड विकास पदाधिकारी, बैरिया ने अपने पत्रांक 1047, दिनांक 09 सितम्बर, 2024 से कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, बेतिया से किया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि 09 माह के बाद भी भवन निर्माण विभाग द्वारा जर्जर भवन को तोड़कर नहीं हटाया गया है जिसके कारण वहाँ हमेशा जर्जर भवन के अवशेष टूटकर गिरने तथा कीड़े-मकौड़े के निकलने से प्रखंड परिसर में अफरा-तफरी का महौल बना रहता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जर्जर भवन को तोड़कर हटाते हुए प्रखंड परिसर को सुसज्जित बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का मरम्मती

*293. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह (क्षेत्र संख्या-194 आरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के आरा प्रखंड अंतर्गत आरा विधान सभा क्षेत्र में पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य के अभाव में जमीरा अलीपुर रोड महुली से हनुमान गढ़ी रोड लकड़ियाँ पुल से सैदपुर रोड सहित अन्य जर्जर हो जाने से आमजनों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सिगही मोड़ से शोभी डुमरा भेलडुमरा निर्मलपुर होते हुये बभनौली आरा सलेमपुर आर०सी०डी० पथ तक सड़क का निविदा प्रक्रिया दो माह पूर्व पूर्ण हो जाने के बाद उक्त सड़क का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का मरम्मती एवं निर्माण पूरा करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क की मरम्मती

*294. श्री कुमार शैलेन्द्र (क्षेत्र संख्या-152 बिहपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत बिहपुर प्रखंड के मड़वा पूरब पंचायत में एन०एच० 31 गौरी शंकर कुमर के गद्दी से ललिता देवी के घर होते हुए रामचंद्र कुमर के घर होते हुए झंडापुर भगवती स्थान तक पी०सी०सी० सड़क जर्जर है एवं आये दिन इस सड़क पर दुर्घटनाएं होती रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का मरम्मतीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*295. श्री शकील अहमद खाँ (क्षेत्र संख्या-64 कदवा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलांतर्गत कदवा प्रखंड में मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना के अवशेष मद से नेकुला-दरियापुर पथ से इमादपुर तक पथ निर्माण की स्वीकृति होने के उपरांत उक्त पथ में अवस्थित मृत महानंदा नदी में उच्चस्तरीय पुल निर्माण का प्रावधान नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ के वर्णित नदी में उच्चस्तरीय पुल के निर्माण का प्रावधान देते हुए सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का जीर्णोद्धार

*296. श्री पंकज कुमार मिश्र (क्षेत्र संख्या-29 रून्नीसैदपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के रून्नीसैदपुर प्रखंड अंतर्गत गुरदह गौसनगर पंचायत के राजेन्द्र राय के घर से रामनन्दन राय के घर तक की सड़क जर्जर है जिससे आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जर्जर सड़क का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

संपर्कता प्रदान करना

*297. श्री संतोष कुमार मिश्र (क्षेत्र संख्या-209 करगहर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत प्रखंड करगहर के ग्राम-उसीना को मुख्य संपर्क मार्ग यथा जलालपुर बैशपुरा आर०सी०डी० पथ से होते हुए ग्राम-सुसीना को जाने वाले एम०एम०जी०एस०वाई० पथ मध्य विद्यालय, उसीना से ग्राम-उसीना टोला तक सुलभ संपर्कता प्राप्त नहीं है, जिसकी लंबाई मात्र 800 मी० है, जो कच्ची सड़क है, जिससे कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार प्रखंड करगहर के ग्राम-उसीना को पक्की सड़क कराते हुए ग्राम-उसीना को सुलभ सपंर्कता प्रदान कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कटाव निरोधक कार्य कराना

*298. श्री अखतरूल ईमान (क्षेत्र संख्या-56 अमौर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अंतर्गत प्रखंड अमौर के ग्राम-बैरबन्ना एवं बैसा प्रखंड के ग्राम मद्धुआ टोली के सैकड़ों परिवारों का घर महानन्दा नदी में कटकर विलीन हो चुका है एवं उक्त ग्रामों में कटाव निरोधक का कार्य नहीं कराने से सैकड़ों परिवारों का घर कटाव के मुहाने पर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ग्रामों में कटाव निरोधक कार्य के प्रस्ताव को एस०आर०सी० में स्वीकृति मिलने के बाद भी विभाग द्वारा स्वीकृति प्रदान नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्रामों में कटाव निरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पटना :
दिनांक 23 जुलाई, 2025 (ई०)।

ख्याति सिंह,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा।

बि०स०मु० 15 (एल०ए०) 2025-26 डी०टी०पी० 600

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,
बिहार, पटना द्वारा मुद्रित
2025